तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
29/9/25	पत्रावली पेश हुई। वकील पक्षकारान उपस्थित। पत्रावली में पक्षकारान के मध्य राजीनामा हो जाने से पत्रावली आगे चलाया जाना न्यायोचित नहीं है। अतः पत्रावली इसी स्तर पर खारिज की जाकर पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।	

न्यायालय श्रीयुत उपखण्ड अधिकारी महोदय नैनवाँ, जिला बून्दी (राज0)

वाद संख्या :– 98 / 2022

गोपाल बनाम सत्यनारायण आदि

वाद :– बेदखली भूमि एवं स्थायी निषेधाज्ञा अन्तर्गत धारा 183, 188 आर0टी0एक्ट

राजीनामा

माननीय महोदय,

वादीगण व प्रतिवादीगण निम्नलिखित रूप से राजीनामा प्रस्तुत करते हैं :–

(1) यह कि ग्राम गुढ़ादेवजी तहसील नैनवां में स्थित महुआ वाले खेत खसरा संख्या 427 के दो हिस्से हो रहे है जिसमें पूर्व दिशा में प्रतिवादी संख्या 1 का हक, अधिकार रहेगा तथा पश्चिम दिशा में वादिया विमला बाई के हक व अधिकार में रहेगा। महासत्या जी की छतरियों के नीचे खसरा संख्या 431 जो वादिया विमला के खाते में हैं उस पर प्रतिवादीगण ने कब्जा छोड़ दिया हैं, उस पर विमला बाई का ही हक अधिकार रहेगा। इसके अलावा खसरा संख्या 430 पाटी प्रतिवादीगण के रहेगी तथा खसरा संख्या 429 वादिया विमला की है। इस प्रकार महा सतियां जी महाराज की डोहली में दो हिस्से प्रतिवादीगण के और एक हिस्सा विमला बाई का रहेगा। कुए पर जाने का रास्ता छतरियो के बीच मेड पर होता हुआ कुऐं पर जाता है जिस रास्ते को 12 फीट चौड़ा कर विमला बाई रास्ते को बहाल करेगी। रास्ते को विमला बाई व उसका पुत्र कभी बन्द नहीं करेंगे। छतरियों की जमीन 7 बिस्वा हैं जिसको वादिया विमला बाई ने फाड़ रखा हैं उसको वादिया विमला छोड़ेगी तथा कुऐं की खसरा संख्या 428 की जो करीब 7 बिस्वा भूमि हैं उसमें वादिया विमला बाई व उसका पुत्र महावीर उर्फ सुदामा तथा प्रतिवादीगण कोई हस्तक्षेप नहीं करेंगे, अर्थात कुऐं की पूरी जमीन खाली रहेगी। कुऐं व छतरियों की मरम्मत व निर्माण की राशि में जो भी खर्चा होगा उसमें 2 हिस्से की राशि प्रतिवादी सत्यनारायण देगा व 1 हिस्से की राशि वादिया विमला बाई देगी। फसल खराबी का मुआवजा आयेगा उसे दोनों पक्ष छतरियों में ही लगायेंगे। छतरियों के निर्माण की आवश्यकता पड़ने पर 2 हिस्से की राशि प्रतिवादी सत्यनारायण व एक हिस्से की राशि वादिया विमला बाई देंगे।

(2) यह कि भूमि की सिंचाई हेतु गैर मुमकिन चाह खसरा संख्या 428 स्थित हैं इस पर आने जाने हेतु छतरियों की भूमि खसरा संख्या 432 से खसरा संख्या 427 व 429 के बीच

क्रमश :– 2

में मेड पर होकर रास्ता निकाला जावेगा और उक्त दोनों खसरा नम्बर में से दोनों तरफ से राजस्व रिकार्ड के अनुसार बीच सेन्टर से 6–6 फीट छोड़कर 12 फीट चौड़ा रास्ता निकाला जावेगा। इस रास्ते को दोनों पक्ष कभी बन्द नहीं करेंगे, हमेशा चालू रहेगा, जिसे दोनों पक्ष आने जाने हेतु उपयोग व उपभोग करेंगे। कोई भी पक्ष अवरोध पैदा नहीं करेगा। इस सम्बनध में दोनों पक्षों के मध्य गांव के मौतविर पंचों के समक्ष भी लिखित में समझौता हो गया है।

(3) यह कि इस राजीनामें में वर्णित किसी भी शर्त का दोनों पक्ष उल्लंघन नहीं करेंगे। जो पक्ष उल्लंघन करेगा, उसके विरूद्ध दूसरे पक्ष को न्यायालय में कानूनी कार्यवाही करने का अधिकार होगा। दोनों पक्ष आपस में शांति से रहेंगे। भविष्य में कभी लड़ाई–झगड़ा नहीं करेंगे।

(4) यह कि राजीनामा दोनों पक्षों ने स्वैच्छापूर्वक बिना किसी दबाव के किया है। खर्चा वाद दोनों पक्ष अपना–अपना वहन करेंगे। तथा उपरोक्त भूमियों के सम्बन्ध में भविष्य में किसी प्रकार का विवाद व कार्यवाही नहीं करेंगे।

(5) यह कि वादीगण 1/2 लगायत 1/6 तथा प्रतिवादीगण संख्या 2 लगायत 4 की ओर से जर्ये अभिभाषक राजीनामा पेश है।

अतः राजीनामा प्रस्तुत कर श्रीमान से निवेदन हैं कि राजीनामा तस्दीक कर मुताबिक राजीनामा वाद को निर्णित फरमाने की कृपा करें।

दिनांक :–

प्रतिवादीगण

1. सत्यनारायण पुत्र रामप्रताप
2. तुलसीराम पुत्र सत्यनारायण
3. कौशल शर्मा पुत्र सत्यनाराण
4. पवन शर्मा पुत्र सत्यनारायण जाति सभी ब्राह्मण निवासीगण ग्राम गुढ़ादेवजी तहसील नैनवाँ, जिला बून्दी (राज0)

वादीगण

1/1. विमला पुत्री गोपाल पत्नी राजेन्द्र कुमार जाति ब्राह्मण निवसीग्राम गुढ़ादेवजी तहसील नैनवाँ, जिला बून्दी (राज0)

1/2. रत्नी बाई पुत्री गोपाल पत्नी नन्दकिशोर जाति ब्राह्मण हाल निवासीग्राम पाटोली तहसील उनियारा जिला टोंक (राज0)

1/3. राममूर्ति पुत्री गोपाल पत्नी ओमप्रकाश जाति ब्राह्मण हाल निवासीग्राम पाटोली तहसील उनियारा जिला टोंक (राज0)

1/4. कमलेश पुत्री गोपाल पत्नी बद्रीलाल जाति ब्राह्मण हाल निवासीग्राम तलवास तहसील नैनवाँ, जिला बून्दी (राज0)

1/5. शिमला पुत्री गोपाल पत्नी रामप्रकाश जाति ब्राह्मण हाल निवासी जयपुर जिला जयपुर

1/6. विष्णु गोद पुत्र गोपाल जी जाति ब्राह्मण मूल निवासीग्राम गुढ़ादेवजी तहसील नैनवाँ, जिला बून्दी हाल निवासीग्राम पाटोली तहसील उनियारा जिला टोंक (राज0)

CSN Lawania Adv.

(हलन मियाँ)